भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग
पुराना मिंटो रोड़, जाकिर हुसैन कॉलेज के पास
नई दिल्ली – 110002

सत्यमेव जयते

TRAI

संख्या 1–14/2020–प्रशासन एवं कार्मिक

दिनांक 22 दिसंबर, 2020

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग,
केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय
(संलग्न सूची के अनुसार : मेल द्वारा)

विषयः भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालयों यथा कोलकाता एवं बैंगलुरू में सलाहकार के पद विभागेतर (फॉरेन) सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर को भरना।

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण संसद के अधिनियम यथा भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित मामलों या इनसे संबंधित आकस्मिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य भी सौंपे जा रहे हैं।

2. प्राधिकरण प्रारंभ में 31 मार्च, 2022 तक के लिए **इसके क्षेत्रीय कार्यालयों यथा कोलकाता एवं बैंगलुरू में विभागेतर सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सलाहकार के पद को भरने** का प्रस्ताव करता है। पदों एवं इनके लिए योग्यता/ अनुभव आदि के विवरण नीचे दिए गए हैं:–

पद का नाम	वेतनमान/पे लेवल	पात्रता की शर्तें	अनिवार्य योग्यता
सलाहकार	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, पे मैट्रिक्स में पे लेवल – 14 (144200.218200 रु.) एवं सरकारी नियमों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे डीए, एचआरए आदि। ***(संशोधन पूर्व पीबी–4 37400.–67000+10000रु. ग्रेड पे)***	केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय के अधिकारी: 1) जो समकक्ष पद पर कार्यरत हैं **या** 2) सलेक्शन ग्रेड में कार्यरत अधिकारी जिन्होंने उक्त ग्रेड़ में चार वर्ष की नियमित सेवा की है। **या** 3) समूह क में सत्रह वर्ष की नियमित सेवा वाले समूह 'क' अधिकारी, जिसमें से कम से कम चार वर्ष की नियमित सेवा सलेक्शन ग्रेड़ में होनी चाहिए।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से व्यवसाय प्रशासन/अर्थशास्त्र/वाणिज्य/इंजीनियरिंग/विधि/विज्ञान/मानविकी में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत एवं निर्माण लेखाकार संस्थान (आईसीडब्ल्यूएआई) की सदस्यता एवं संबंधित क्षेत्र में वांछनीय अनुभव।

क्रमशः......

3. नियुक्ति विभागेतर सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009–स्थापना(पे II) और इसमें समय–समय पर किए गए संशोधन के अधीन होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु **भादूविप्रा में आवेदन करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु किसी भी मामले में 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

4. सभी मंत्रालयों/विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं, की पिछली पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों और सतर्कता/अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित निर्धारित प्रोफॉर्मा (**इसे भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.qov.in से डाउनलोड किया जा सकता है**) में आवेदन अग्रेषित करने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्रशासन एवं कार्मिक), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण,महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड़), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली – 110002 को 31 जनवरी, 2021** तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. यदि उपरोक्त हिन्दी संस्करण में त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

(विनय कुमार गोयल)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (का.एवं प्र.)
टेली.: 011–236614–213

प्रतिलिपिः–

1. विकाधि, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव/सदस्य(आर), भादूविप्रा
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
4. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा
5. सभी प्रधान सलाहकार/सलाहकार (मुख्यालय) एवं (क्षेत्रीय कार्यालय), भादूविप्रा
6. जेए (आईटी) – इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
7. निदेशक (सीएस प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक नायक भवन, नई दिल्ली – इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
8. नोटिस बोर्ड